RAF SECTOR

NEWS CLIP

03/11/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik lok mitra, Phaphamau, (UP)

आर ए एफ के जवानों द्वारा राष्ट्रीय एकता दौड़ व बाइक रैली का आयोजन किया गया

फाफामऊ। देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।इस विशेष अवसर पर 101आर ए एफ द्वारा विभिन्न कार्यक्रम जैसे राष्ट्रीय एकता दौड़ व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता दौड़ के बाद आर ए एफ के कमांडेंट श्री मनोज कुमार गौतम ने जवानों व अधिकारी गणों को राष्ट्र की एकता अखंडता को अक्षुण बनाए रखने हेतु शपथ दिलाई। राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर बाइक रैली का भी आयोजन किया गया।जिसको कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।जो कि कैंप परिसर शांतिपुरम से फाफामऊ ब्रिज, तेलियरगंज , स्टेनले रोड, सिविल लाइन, मेडिकल चौराहा, भारद्वाज आश्रम से होते हुए इलाहाबाद विश्विद्यालय से होकर आर ए एफ मुख्यालय में सम्पन्न हुई।कमांडेंट महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि भारत को एक सूत्र में मोतियों की तरह पिरोने वाले अखंड भारत के सपने को साकार करने की हिम्मत रखने वाले लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती को शत शत नमन यह दिवस हमे शांति सौहार्द और बंधुत्व की भावना के साथ रहने की प्रेरणा देता है।इस कार्यक्रम में श्री प्रेमजीत कुमार, श्री बृजेश कुमार दुबे, श्री प्रदीप पाठक, श्री टी एन सिंह, अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण जवान व महिला कार्मिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

Dainik Bhaskar, Jamshedpur, (JKD)

रैफ के जवानों ने बनाई मानव शृंखला

जमशेदपुर | सुंदरनगर स्थित रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) जवानों ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर मानव शृंखला से भारत का नक्शा बनाया। कमांडेंट डॉ निशित कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों-जवानों को देश की एकता-अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

Gurugram Today, Gurgaon , (HR)

चुनाव को लेकर रैपिड एक्शन फोर्स ने पुलिस के साथ किया फ्लैग मार्च

- कहा आगामी 9 और 12 नवंबर को सोहना में जिला परिषद के तीन और पंचायत समिति के होंगे चुनाव।

चुनाव को लेकर रैपिड एक्शन फोर्स फ्लैग मार्च के दौरान।

सुभाष पुलानी, गुड़गांव टुडे

सोहना। जिला के विभिन्न क्षेत्रों को जानने व समझने के लिए गुरुग्राम में आए हुए केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दल ने मंगलवार को सोहना क्षेत्र का दौरा किया और वहां के स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ पूरे क्षेत्र को समझा। यह दल संवेदनशीलता के हिसाब से भी क्षेत्र से परिचित होता है और उसी अनुसार अभ्यास करता है।

गृह मंत्रालय तथा महानिदेशालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की गाइडलाइन्स एवं राकेश कुमार, कमाण्डेन्ट 194 रैपिड एक्शन फोर्स के निर्देशानुसार सहायक कमाण्डेंट प्रहलाद राम के नेतृत्व में बी / 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के द्वारा परिचित अभ्यास के क्रम में मंगलवार को सहायक पुलिस आयुक्त, नवीन सिन्धु, (ह.पु. से) सोहना, गुरुग्राम, पुलिस थाना सदर सोहना प्रभारी निरीक्षक जय सिंह, पुलिस थाना शहर सोहना निरीक्षक उमेश कुमार एवं थाना भौंडसी प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह से मुलाकात की और परिचित अभ्यास के महत्व के बारे में चर्चा की।

पुलिस थाना शहर सोहना, पुलिस थाना सदर सोहना एवं थाना भौंडसी क्षेत्र के भौगोलिक इलाकों से परिचित हुए और मत्वपूर्ण संस्थानों के बारे में जानकारियां प्राप्त की। अभ्यास के दौरान भौंडसी के ग्राम घामडोज, अलीपुर हरियहेड़ा, गढ़ी वजीरपुर, महेन्द्र वाड़ा के इलाके में फ्लैग मार्च किया। पुलिस थाना के ग्रामीणों से भी वार्तालाप कर आपसी सामंजस्य के बारे में चर्चा की। सहायक कमाण्डेंट प्रहलाद ने बताया कि इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य गुरुग्राम जिले के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करना तथा यहाँ के भौगोलिक इलाके से भौतिक रूप से परिचित होना है तथा पुलिस और आमजन के बीच सामंजस्य स्थापित करना है ताकि भविष्य में कभी भी कानून व्यवस्था ड्यूटी हेतु हमे तैनात किया जाए तो शीघ्र आतिशिघ्र तैनात होकर स्थिति पर नियंत्रण किया जा सके।

इस परिचित अभ्यास के दौरान सहायक कमाण्डेंट श्री प्रहलाद राम, निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, निरीक्षक सनीश कुमार, निरीक्षक अनुज त्यागी पुलिस थाना सदर सोहना प्रभारी निरीक्षक जय सिंह, पुलिस थाना शहर सोहना निरीक्षक उमेश कुमार एवं थाना भौंडसी प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह और बी/194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की प्लाटून एवं पुलिस के जवानों ने भाग लिया।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।